अबु तालिब पर तहक़ीक़

मुसन्निफ़

इमामे अहले सुन्नत, आला हज़रत,
इमाम अहमद रज़ा खान رحمۃ اللہ علیہ

हिंदी :

नबीरा -ए- आला हज़रत, शहज़ादा -ए- क़मरुल उलमा
मौलाना उमर रज़ा खा़न
क़ादरी नूरी बरेलवी

SABIYA VIRTUAL PUBLICATION

मुसन्निफ़

इमामे अहले सुन्नत, आला हज़रत, علیہ رحمۃ اللہ
इमाम अहमद रज़ा खान

हिंदी :

नबीरा -ए- आला हज़रत, शहज़ादा -ए- क़मरुल उलमा
मौलाना उमर रज़ा खा़न
क़ादरी नूरी बरेलवी

Contents

मसअला : अज़ बदायूं 1294 हिजरी बइबारत ए सवाल व सानियन बिइजमाल अज़ अहमदाबाद गुजरात मुहल्ला जमालपुर क़रीब मस्जिद कांच मुरसलहु जमाअत ए अहले सुन्नत साकिनान ए अहमदाबाद 6 जुमादल ऊला 1316 हिजरी

क्या फ़रमाते हैं उलमा ए दीन इस मसअला में कि ज़ैद अबू तालिब को काफ़िर और अबू लहब व इब्लीस का मुमासिल कहता है और अम्र बदीं दलाइल इससे इंकार करता है कि उन्होंने जनाब सरवर ए आलम सलल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की किफ़ालत व नुसरत व हिमायत व महब्बत बदर्जा ए ग़ायत की और नात शरीफ़ में क़साइद लिखे, हुज़ूर ने उनके लिए इस्तग़फ़ार फ़रमाई और जामिउल उसूल में है कि अहले बैत के नज़दीक वह मुसलमान मरे। शेख़ मुहक़्क़िक़ अलैहिर रहमा ने शरह सफ़रुस सआदत में फ़रमाया,

کم ازان نہ باشد کہ دریں مسئلہ توقف کنند و صرفہ نگہ دارند۔

और मवाहिबुल लदुन्निया में एक वसीयत नामा उनका बनाम क़ुरैश मनक़ूल जो हर्फ़न हर्फ़न उनके इस्लाम पर शाहिद। इन दोनों में कौन हक़ पर है और अबू तालिब को मिस्ल अबू लहब व इब्लीस समझना कैसा और उनके कुफ़्र में कोई हदीस सहीह वारिद हुई या नहीं, बर तक़दीर ए सानी उन्हें ज़ामिन व कफ़ील रसूल उल्लाह सलल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का समझकर रदि अल्लाहु तआला अन्हु कहें या मिस्ल कुफ़्फ़ार समझें।

بینوا بسند الکتاب توجروا من الملك الوهاب بیوم القیٰمة و الحساب

अलजवाब :

بسم الله الرحمٰن الرحيم ـ اللهم ربنا و لوجهك الحمد احق ما قال العبد وكلنا لك عبد لا مانع لما اعطيت و لا معطى لما منعت و لا راد لما قضيت و لا ينفع ذا الجد منك الجد لك الحمد على ما هديت و عفوت و عافيت و منحت و اوليت تباركت و تعاليت سبحٰنك رب البيت مستجيرين بجمال وجهك الكريم من عذابك الاليم و شاهدين بان لا حول و لا قوة الا بالله العلى العظيم انت العزيز الغالب لا يعجزكها رب و لا يدرك ما منعت طالب ما عليك من واجب قدرت الاقدار و دورت الادوار و كتبت فى الاسفار ما انت كاتب يعمل عامل بعمل الجنان فيظن الظان من الانس و الجان ان سيد خلها و كان قد كان فيغلبه الكتاب فاذا هو خائب و يفعل فاعل افعال النيران فيحسب الجيران و من طلع عليه النيران ان سيوردها و كان قد حان فيدرك القدر فاذا هو تائب ارسلت خير خلقك و سراج افقك محمد االمبعوث بيسرك و رفقك بشيرا و نذيرا و سراجا منيرا ملأ ضؤوه المشارق و المغارب و عم نوره الاباعد و الاقارب و حرم بقرب حضرته من حضرة قربه ابو طالب فلك الحجة السامية صل على محمد صلاة نامية و على اٰله و صحبه و اهله و حزبه صلاة ترضيك و ترضيه و تحفظ المصلى عما يرديه و بارك وسلم ابدا ابدا والحمد لله دائما سرمدا آمين آمين يا ارحم الراحمين

इसमें शक नहीं कि अबू तालिब तमाम उम्र हुज़ूर सय्यिदुल मुरसलीन सय्यिदुल अव्वलीन वल आख़िरीन सय्यिदुल अबरार सल्लल्लाहु तआला अलैहि व अला आलिहि वसल्लम इला यौमिल क़रार की हिफ़्ज व हिमायत व किफ़ालत व नुसरत में मसरुफ़ रहे, अपनी औलाद से ज़्यादा हुज़ूर को अज़ीज़ रखा और उस वक़्त में साथ दिया कि एक आलम हुज़ूर का दुश्मन ए जाँ हो गया था और हुज़ूर की महब्बत में अपने तमाम अज़ीज़ों क़रीबीयों से मुख़ालिफ़त गवारा की, सब को छोड़ देना क़बूल किया, कोई दक़ीक़ा ग़मगुसारी व जाँ निसारी का ना मरई न रखा और यक़ीनन जानते थे कि हुज़ूर अफ़ज़लुल मुरसलीन सलल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम अल्लाह के सच्चे रसूल हैं, उन पर ईमान लाने में जन्नत अब्दी और तकज़ीब में जहन्नम दाइमी है, बनू हाशिम को मरते वक़्त वसीयत की कि मुहम्मद सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की तस्दीक़ करो फ़लाह पाओगे, नात शरीफ़ में क़साइद उनसे मनक़ूल और उनमें बराहे फ़िरासत वह उमूर ज़िक्र किए कि उस वक़्त तक वाक़े न हुए थे, बाद ए बिअसत शरीफ़ उनका ज़ुहूर हुआ, यह सब अहवाल मुताला ए अहादीस व मुराजिअत ए कुतुब ए सीयर से ज़ाहिर, एक शे'र उनके क़सीदे का सहीह बुख़ारी शरीफ़ में भी मर्वी,

و ابیض یستسقی الغمام بوجهہ ـ ثمال الیتامی عصمۃ للارامل

मुहम्मद इब्न ए इस्हाक़ ताबई साहिब ए सियर व मग़ाज़ी ने यह क़सीदा ब तमामिहा नक़ल किया जिसमें एक सौ दस 110 बैतें मद्ह ए जलील व नात ए मनीअ पर मुश्तमिल हैं।

शेख़ मुहक़्क़िक़ मौलाना अब्दुल हक़ मुहद्दिस देहलवी क़ुद्दसा सिर्रुहु शरह सिरात ए मुस्तक़ीम में इस क़सीदा की निस्बत फ़रमाते हैं,

دلالت صریح دارو بر کمال محبت و نہایت نبوت او انتہی۔

मगर मुजर्रद इन उमूर से ईमान साबित नहीं होता। काश यह अफ़आल व अक़वाल उनसे हालत ए इस्लाम में सादिर होते तो सय्यिदुना अब्बास बल्कि ज़ाहिरन सय्यिदुना हमज़ा रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा से भी अफ़ज़ल क़रार पाते और अफ़ज़लुल आमाम ए हुज़ूर अफ़ज़लुल अनाम अलैहि व अला आलिहि व अफ़ज़लुस सलात वस्सलाम कहलाए जाते।

तक़दीर ए इलाही ने बर बिना उस हिकमत के जिसे वह जाने या उसका रसूल सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम उन्हें गिरोह ए मुसलिमीन व ग़ुलामान ए शफ़ीउल मुज़निबीन सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम में शुमार किया जाना मंज़ूर न फ़रमाया,

فاعتبروا یا اولی الابصار۔

सिर्फ़ मारिफ़त गो कैसी ही कमाल के साथ हो ईमान नहीं, दानिस्तन व शिनाख़्तन और चीज़ है और इज़आन व गिरवीदन और, कम काफ़िर थे जिन्हें रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के सच्चे पैग़म्बर होने का यक़ीन न था,

جَحَدُوْا بِهَا وَاسْتَيْقَنَتْهَآ اَنْفُسُهُمْ۔

और उलमा ए अहले किताब तो उमुमन जज़्म ए कुल्ली रखते थे हत्ता कि यह अम्र उनके नज़दीक कल अयाँ से भी ज़ाइद था,

मुआइना में बसर ग़लती भी करती है और यहां किसी तरह का शुबह व इहतिमाल न था,

قال جل و علا ۔ يَعرِفُوْنَهٗ كَمَا يَعرِفُوْنَ ابْنَآءَهُمْ ۔و قال عز من قائل، فَلَمَّا جَآءَهُمْ مَا عَرَفُوْا كَفَرُوْا بِهٖ فَلَعنَةُ اللهِ عَلَى الْكٰفِرِيْنَ ۔ و قال جل ذكره، يَجِدُوْنَهٗ مَكْتُوْباً عِنْدَهُمْ فِي التَّوْرٰةِ وَالْاِنْجِيْلِ ۔

बाज़ कोर चश्म बद बातिन वहाबिया ए अस्र कि इसमें कलाम करते और कहते हैं अगर अहले किताब के यहाँ हुज़ूर का ज़िक्र ए रिसालत होता तो ईमान क्यों न लाते, नुसूस ए क़ातिआ से इंकार और ख़ुदा व रसूल की तकज़ीब और यहूद व नसारा की हिमायत व तस्दीक़ करने वाले हैं,

اعوذ بالله من وسواس الشيطان۔

शरह ए अक़ाइद ए नसफ़ी में है,

ليست حقيقة التصديق ان تقع فى القلب نسبة الصدق الى الخبر و المخبر من غير اذعان و قبول بل هو اذعان و قبول لذلك بحيث يقع عليه اسم التسليم على ما صرح به الامام الغزالى ۔

उसी में है,

بعض القدرية ذهب الى ان الايمان هو المعرفة و اطبق علماؤنا على فساده لان اهل الكتاب كانوا يعرفون نبوة محمد صلى الله تعالىٰ عليه وسلم كما كانوا يعرفون ابناء هم مع القطع بكفرهم لعدم التصديق

و لان من الكفار من كان يعرف الحق يقينا و انما كان ينكر عنادا و استكبارا قال الله تعالىٰ جَحَدُوْا بِهَا وَ اسْتَيْقَنَتهَا اَنْفُسُهُمْ ـ

मुहक़्क़िक़ दव्वाफ़ी शरह ए अक़ाइद ए अज़ुदी में फ़रमाते हैं,

التلفظ بكامتى شهادتين مع القدرة عليه شرط فمن اخل به فهو كافر مخلد فى النار و لا تنفعه المعرفة القلبية من غير اذعان و قبول فان من كفار من كان يعرف الحق يقينا و كان انكاره عنادا و استكبارا كما قال الله تعالىٰ وَ جَحَدُوْا بِهَا وَ اسْتَيْقَنَتهَا اَنْفُسُهُمْ ظُلْمًا و عُلُوًا ـ

आयात ए क़ुरआनीया व अहादीस ए सहीहा मुतावाफ़िरा व मुताज़ाफ़िरा से अबू तालिब का कुफ्र पर मरना और दम ए वापसी ईमान लाने से इंकार करना और आक़िबत कार असहाब ए नार से होना ऐसे रौशन सुबूत से साबित जिससे किसी सुन्नी को मजाल ए दम ज़दन नहीं। हम यहाँ कलाम को सात फ़स्ल पर मुनक़सम करें।

फ़सल ए अव्वल (1) - आयात ए क़ुरआनीया

आयत - 1 :

قال الله تبارك و تعالىٰ. اِنَّكَ لَا تَهْدِىْ مَنْ اَحبَبْتَ وَ لٰكِنَّ اللهَ يَهْدِىْ مَنْ يَّشَآءُ وَ هُوَ اَعلَمُ بِالْمُهْتَدِيْنَ۔

ऐ नबी! तुम हिदायत नहीं देते जिसे दोस्त रखो, हाँ ख़ुदा हिदायत देता है जिसे चाहे, वह ख़ूब जानता है जो राह पाने वाले हैं। मुफ़स्सिरीन का इज्मा है कि यह आयत ए करीमा अबू तालिब के हक़ में नाज़िल हुई। मआलिमुत तन्ज़ील में है,

نزلت فی ابی طالب۔

जलालैन में है,

نزل فی حرصه صلی الله تعالی علیه وسلم علی ایمان عمه ابی طالب۔

मदारिकुत तन्ज़ील में है,

قال الزجاج اجمع المفسرون انها نزلت فی ابی طالب۔

कश्शाफ़ ए ज़मख़शरी व तफ़सीर ए कबीर में है,

قال الزجاج اجمع المسلمون انها نزلت فی ابی طالب۔

इमाम नववी शरह सहीह मुस्लिम शरीफ़ किताबुल ईमान में फ़रमाते हैं,

اجمع المفسرون علی انما نزلت فی ابی طالب و کذا نقل اجماعهم علی هذا الزجاج وغیره۔

मिरक़ात शरह ए मिश्कात में है,

لقوله تعالیٰ فی حقه باتفاق المفسرین اِنَّكَ لَا تَهْدِیْ مَنْ اَحبَبْتَ۔

हदीस - 1 :

सहीह हदीस में इस आयत ए करीमा का सबब ए नुज़ूल यूँ मज़कूर कि जब हुज़ूर ए अक़दस सय्यिदुल मुरसलीन सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने अबू तालिब से मरते वक़्त कलमा पढ़ने को इरशाद फ़रमाया, साफ़ इंकार किया और कहा मुझे क़ुरैश ऐब लगाएंगे कि मौत की सख़्ती से घबराकर मुसलमान हो गया वरना हुज़ूर की ख़ुशी कर देता। इस पर रब्बुल इज़्ज़त तबारक व तआला ने यह आयत ए करीमा उतारी यानी ऐ हबीब तुम इसका ग़म न करो, तुम अपना मन्सब ए तबलीग़ अदा कर चुके, हिदायत देना और दिल में नूर ए ईमान पैदा करना यह तुम्हारा फ़ेअल नहीं, अल्लाह तआला के इख़्तियार में है और उसे ख़ूब मालूम है कि किसे यह दौलत देगा और किसे महरूम रखेगा। सहीह मुस्लिम शरीफ़ किताबुल ईमान व जामे तिर्मिज़ी किताबुत तफ़सीर में सय्यिदुना अबू हुरैरा रदि अल्लाहु तआला अन्हु से मर्वि,

قال قال رسول للہ صلی للہ تعالیٰ علیہ وسلم لعمہ (زاد مسلم فی اخری عند الموت) قل لا الہ الا للہ اشھد لك بھا یوم القیٰمۃ۔ قال لو لا ان تعیرنی قریش یقولون انما حملہ علی ذلك الجزع لاقررت بھا عینك فانزل للہ عزوجل اِنَّكَ لَا تَھْدِیْ مَنْ اَحبَبْتَ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ یَھْدِیْ مَنْ یَّشَآءُ۔

मआलिम व मदारिक व बैज़ावी व इरशादुल अक़्लुस सलीम व ख़ाज़िन व फ़ुतुहात ए इलाहीया वग़ैरह तफ़ासीर में इसी हदीस का हासिल इस आयत के नीचे ज़िक्र किया।

आयत - 2 :

قال جل جلاله. مَا كَانَ لِلنَّبِيِّ وَالَّذِيْنَ آمَنُوْا اَنْ يَّسْتَغْفِرُوْا لِلْمُشْرِكِيْنَ وَ لَوْ كَانُوْا اُوْلِىْ قُرْبٰى مِنْ بَعْدِ مَا تَبَيَّنَ لَهُمْ اَنَّهُمْ اَصْحٰبُ الْجَحِيْمِ ـ

रवा नहीं नबी और ईमान वालों को कि इस्तग़फ़ार करें मुशरिकों के लिए अगरचे वह अपने क़राबत वाले हों बाद उसके कि उन पर ज़ाहिर हो चुका कि वह भड़कती आग में जाने वाले हैं। यह आयत ए करीमा भी अबू तालिब के हक़ में नाज़िल हुई।

तफ़सीर ए नसफ़ी में है,

هم عليه الصلوة و السلام ان يستغفر لابى طالب فنزل ما كان للنبى ـ

जलालैन में है,

نزل فى استغفاره صلى الله تعالى عليه وسلم لعمه ابى طالب ـ

इमाम ऐनी उम्दतुल क़ारी शरह ए सहीह बुख़ारी में फ़रमाते हैं,

قال الواحدى سمعت ابا عثمان الحيرى سمعت ابا الحسن بن مقسم سمعت ابا اسحق الزجاج يقول فى هذه الاية اجمع المفسرون انها نزلت فى ابى طالب ـ

यानी वाहिदी ने अपनी तफ़सीर में ब सनद ख़ुद अबू इसहाक़ ज़ुजाज से रिवायत की कि मुफ़स्सिरीन का इज्मा है कि यह आयत अबू तालिब के हक़ में उतरी।

اقول هكذا اثره ههنا و المعروف من الزجاج قوله هذا فى الاية الاولى كما سمعت و المذكور ههنا فى المعالم وغيرها فليراجع تفسير الواحدى فلعله اراد اتفاق الاكثرين و لم يلق للخلاف بالا لكونه خلاف ما ثبت فى الصحيح۔

बैज़ावी में पहला क़ौल इस आयत का नुज़ूल दरबारा ए अबी तालिब लिखा। अल्लामा शहाब ख़फ़ाजी इसकी शरह इनायतुल काज़ी व किफ़ायतुर राज़ी में फ़रमाते हैं,

هو الصحيح فى سبب النزول۔

यानी यही सहीह है। इस तरह इसकी तसहीह फ़ुतुहुल गैब व इरशादुश सारी में की है और फ़रमाया यही हक़ है।

كما سيأتى و هذه التصحيحات ايضاً اية الخلاف كما ليس بخاف۔

हदीस - 2 :

सहीह बुख़ारी व सहीह मुस्लिम व सुनन नसाई में है,

و اللفظ محمد قال حدثنا محمود فذكر بسنده عن سعيد بن المسيب عن ابيه رضى الله تعالىٰ عنهما ان ابا طالب لما حضرته الوفاة دخل عليها النبى صلى الله تعالىٰ عليه وسلم و عنده ابو جهل فقال اى عم قل لا اله الا الله كلمة احاج لك بها عند الله۔ فقال ابو جهل و عبد الله بن أمية. يا ابا طالب اترغب عن ملة عبد المطلب فلم يزالا يكلمانه حتى

قال اخر شيئ كلمهم به على ملة عبد المطلب (زاد البخاری فی الجنائز و تفسير سورة القصص كمثل مسلم فی الایمان و ابی ان یقول لا اله الا الله) فقال النبی صلی الله تعالیٰ علیه وسلم لاستغفرن لك ما لم انه عنه، فنزلت مَا كَانَ لِلنَّبِيِ وَ الَّذِيْنَ آمَنُوْا اَنْ يَسْتَغْفِرُوْا لِلْمُشْرِكِيْنَ وَلَوْ اُوْلِیْ قُرْبٰی مِنْ بَعْدِ مَا تَبَيَّنَ لَهُمْ اَنَّهُمْ اَصحبُ الْجَحِيْمِ و نزلت اِنَّكَ لَا تَهْدِیْ مَنْ اَحبَبْتَ۔

इस हदीस ए जलील से वाज़ेह कि अबू तालिब ने वक़्त ए मर्ग कलमा ए तय्यबा से साफ़ इंकार कर दिया और अबू जहल लईन के इग़वा से हुज़ूर ए अक़दस सय्यिद ए आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का इरशाद क़बूल न किया, हुज़ूर रहमतुल लिल आलमीन सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने इस पर भी वादा फ़रमाया कि जब तक अल्लाह तआला मुझे मना न फ़रमाएगा मैं तेरे लिए इस्तग़फ़ार करूंगा, मौला सुब्हानुहु व तआला ने यह दोनों आयतें उतारीं और अपने हबीब सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को अबू तालिब के लिए इस्तग़फ़ार से मना किया और साफ़ इरशाद फ़रमाया कि मुशरिकों दोज़ख़ियों के लिए इस्तग़फ़ार जाइज़ नहीं।

نسأل الله العفو و العافية، اما تزييف الزمخشری نزول الاية فيه بان موت ابی طالب كان قبل الهجرة و هذا آخر ما نزل بالمدينة اه فمردود بما فی ارشاد الساری عن الطيبی عن التقريب انه يجوز ان النبی صلی الله تعالیٰ عليه وسلم كان يستغفر لابی طالب الی حين نزولها و

التشدید مع الکفار انما ظهر فی هذه السورة اه، قال اعنی القسطلانی قال فی فتوح الغیب و هذا هو الحق و روایة نزولها فی ابی طالب هی الصحیحة اه و کذا رده الامام الرازی فی الکبیر و قال العلامة الخفاجی فی عنایة القاضی بعد نقل کلام التقریب اعتمده من بعده من الشراح و لا ینافیه قوله فی الحدیث فنزلت لامتداد استغفاره له الی نزولها اول ان الفاء للسببیة بدون تعقیب اه۔ اقول و الدلیل علی الاستمرار و استدامة الاستغفار قول سید الابرار صلی اللّٰہ تعالیٰ علیه وسلم لاستغفرن لك ما لم انه عنه فهذا مقام الجزم دون التجویز و الاستظهار علا ان الامام الجلیل الجلال السیوطی فی کتاب الاتقان عقد فصل البیان ما نزل من ایات السور المکیة بالمدینة و بالعکس و ذکر فیه عن بعضهم ان ایة مَا كَانَ لِلنَّبِيِّ ایة مکیة نزلت فی قوله صلی اللّٰہ تعالیٰ علیه وسلم لابی طالب لاستغفرن لك ما لم انه عنه و اقره علیه فعلی هذا یزهق الاشکال من راسه ثم ان لفظ البخاری فی کتاب التفسیر فانزل اللّٰہ بعد ذلك قال الحافظ فی فتح الباری الظاهر نزولها بعده بمدة الروایة التفسیر اه و هذا ایضا یطیع الشبهة من راسها افاد هذین العلامة الزرقانی فی شرح المواهب و بعد اللتیا و التی اذ قد افصح الحدیث الصحیح بنزولها فیه فکیف ترد الصحاح بالهوسات۔

आयत - 3 :

قال عز مجدہ، وَ هُمْ يَنْهَوْنَ عَنْهُ وَ يَنْئَوْنَ عَنْهُ وَ اِنْ يُّهْلِكُوْنَ اِلَّا اَنْفُسَهُمْ وَ مَا يَشْعُرُوْنَ ۔

वह इस नबी से औरों को रोकते और बाज़ रखते हैं और ख़ुद इस पर ईमान लाने से बचते और दूर रहते हैं और इसके बाइस वह ख़ुद अपनी ही जानों को हलाक करते हैं और उन्हें शऊर नहीं। यानी जानबूझकर जो बे शऊरों के जैसे काम करे उससे बढ़कर बे शऊर कौन। सुल्तानुल मुफ़स्सिरीन सय्यिदुना अब्दुल्लाह इब्न ए अब्बास रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा और उनके तलमीज़ ए रशीद सय्यिदुना इमाम ए आज़म के उस्ताद ए मजीद इमाम अता इब्न ए अबी रबाह व मुक़ातिल वग़ैरहुम मुफ़स्सिरीन फ़रमाते हैं, यह आयत अबू तालिब के बाब में उतरी। तफ़सीर ए इमाम बग़वी शरहुस सुन्नाह में है,

قال ابن عباس و مقاتل نزلت فی ابی طالب کان ینھی الناس عن اذی النبی صلی اللہ تعالیٰ علیه وسلم و یمنعھم وینأی عن الایمان به ای یبعد ۔

अनवारुत तंज़ील में है,

ینھون عن التعرض الرسول اللہ صلی اللہ تعالیٰ علیه وسلم وینأون عنه فلا یؤمنون به کابی طالب ۔

हदीस - 3 : फ़रयाबी और अब्दुर रज़ाक़ अपने मुसन्निफ़ और सईद इब्न ए मंसूर सुनन में और अब्द इब्न ए हमीद और इब्न ए जरीर व

इब्न ए मुन्ज़िर व इब्न ए अबी हातिम व तबरानी व अबुश शेख़ व इब्न ए मरदविया और हाकिम मुस्तदरक में ब इफ़ादा ए तसहीह और बैहक़ी दलाइलुन नबूवाह में हज़रत अब्दुल्लाह इब्न ए अब्बास रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा से इसकी तफ़सीर में रावी,

قال نزلت فی ابی طالب کان ینھی عن المشرکین ان یؤذوا رسول اللہ صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم یتباعد عما جاء بہ۔

यानी यह आयत अबू तालिब के बारे में उतरी कि वह काफ़िरों को ख़ुद हुज़ूर सय्यिद ए आलम सल्लल्लाहु तआला आलिहि वसल्लम की ईज़ा से मना करते, बाज़ रखते और हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम पर ईमान लाने से दूर रहते।

قال فی مفاتیح الغیب فیہ قولان منھم من قال المراد انھم ینھون عن التصدیق نبوتہ و الاقرار برسالتہ و قال عطاء و مقاتل نزلت فی ابی طالب کان ینھی قریشا عن ایذاء النبی علیہ الصلوۃ و السلام ثم یتباعد عنہ و لا یتبعہ علی دینہ و القول الاول اشبہ لوجھین الاول ان جمیع الایات المتقدمۃ علی ھذہ الایۃ تقتضی ذم طریقتھم فلذلك قولہ وَ هُمْ يَنْهَوْنَ عَنْهُ ینبغی ان یکون محمولا علی امر مذموم فلو حملناہ علی ان ابا طالب کان ینھی عن ایذاءہ لما حصل ھذا النظم و الثانی انہ تعالی قال بعد ذلك وَاِنْ يُهْلِكُوْنَ اِلَّا اَنْفُسَهُمْ یعنی بہ ما تقدم ذکرہ ولا یلیق ذلک ان یکون المراد من قولہ وَ هُمْ يَنْهَوْنَ عَنْهُ النھی عن اذیتہ لان ذلك حسن لا یوجب الھلاك اھ۔ اقول اصل الذم

النسائی و قد تشدد بالنھی فان الذنب بعد العلم اشد منہ حین الجھل فذکر النھی لابانۃ شدۃ ما یلحقہ من الذم فی ذلک و عظمۃ ما یعتریہ من الوزر فیما ھنالک فان العلم حجۃ للہ مالک و علیک الا تری الی قولہ صلی للہ تعالیٰ علیہ وسلم فی ابی طالب و لو لا انا لکان فی الدرک الاسفل من النار کما سیأتی مع ما علم من حمایتہ و کفالتہ و نصرتہ و محبتہ للنبی صلی للہ تعالیٰ علیہ وسلم طول عمرہ فانما کاد یکون فی الدرک الاسفل لو لا شفاعۃ رسول للہ صلی للہ تعالیٰ علیہ وسلم لما ابی الایمان مع کما العرفان فالایۃ علی وزان قولہ تعالی تَاْمُرُوْنَ النَّاسَ بِالْبِرِ وَ تَنْسَوْنَ اَنفُسَکُم وَ اَنْتُمْ تَتلُوْنَ الْکِتٰبَ اَفَلَا تَعقِلُوْنَ۔ فذکر فی سیاق الذم امرھم بالبر و تلاوتھم الکتاب و انما القصد الی و تلاوتھم الکتاب و انما القصد الی نسیانھم انفسھم و ذکر ھذین للتسجیل بل قال جل ذکرہ یَاَیُّھَا الَّذِیْنَ اٰمَنُوْا لِمَ تَقُوْلُوْنَ مَا لَا تَفْعَلُوْنَ ۔ کَبُرَ مَقْتًا عِنْدَ اللہِ اِنْ تَقُوْلُوْا مَا لَا تَفْعُلُوْنَ ۔ فشدد النکیر علی القول من دون عمل و ان کان القول خیرا فی نفسہ قال فی معالم التنزیل قال المفسرون ان المؤمنین قالوا لو نعلم ای الاعمال احب الی اللہ عزوجل لعملناہ و لبذلنا فیہ اموالنا و انفسنا فانزل عزوجل اِنَّ اللہَ یُحِبُ الَّذِیْنَ یُقَاتِلُوْنَ فِیْ سَبِیْلِہٖ صَفًا فابتلوا بذلک یوم احد فولوا مدبرین فانزل اللہ تعالی لِمَ تَقُوْلُوْنَ مَا لَا تَفْعَلُوْنَ ۔ اھ و بہ ینحل الوجھان لمن انصف لا جرم ان قال الخفاجی فی العنایۃ بعد

نقله کلام الامام فیه نظر اھ۔ بالجملة فعطاء اعلم منا و منکم
باسالیب القرآن و نظمه فضلا عن ھذا الحبر العظیم الذی قد فاق
اکثر الامة فی علم القرآن و فھمه و ﷲ تعالیٰ اعلم ۔

फ़सल ए दुवम (2) - अहादीस

हदीस - 4 : सहीहैन व मुस्नद ए इमाम अहमद में हज़रत सय्यिदुना अब्बास अम्मे रसूल सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से है,

انه قال للنبی صلی ﷲ تعالیٰ علیه وسلم ما اغنیت عن عمك فوالله کان یحوطك و یغضب لك قال ھو فی ضحضاح من نار و لو لا انا لکان فی الدرك الاسفل من النار و فی روایة وجدته غمرات من النار فاخرجته الی ضحضاح ۔

यानी उन्होंने ख़िदमत ए अक़दस ए हुज़ूर सय्यिदुल मुरसलीन सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम में अर्ज़ की, हुज़ूर ने अपने चचा अबू तालिब को क्या नफ़्अ दिया, ख़ुदा की क़सम वह हुज़ूर की हिमायत करता और हुज़ूर के लिए लोगों से लड़ता झगड़ता था। फ़रमाया, मैंने उसे सरापा आग में डूबा हुआ पाया तो उसे खींचकर पांव तक आग में कर दिया और अगर मैं न होता तो जहन्नम के सबसे नीचे तबक़े में होता। इमाम इब्न ए हजर फ़तहुल बारी शरह ए सहीह बुख़ारी में फ़रमाते हैं,

يؤيد الخصوصية انه بعد ان امتنع شفع له حتى خفف له العذاب بالنسبة لغيره۔

यानी नबी ए करीम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की ख़ुसूसियत से हुआ कि अबू तालिब ने ब आंके ईमान लाने से इंकार किया फिर भी हुज़ूर अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की शफ़ाअत ने इतना काम दिया कि ब निस्बत बाक़ी काफ़िरों के अज़ाब हल्का हो गया।

हदीस - 5 : सहीहैन व मुसनद इमाम अहमद में अबू सईद ख़ुदरी रदि अल्लाहु तआला अन्हु से है,

ان رسول الله صلى الله تعالىٰ عليه وسلم ذكر عنده عمه ابو طالب فقال لعله تنفعه شفاعتى يوم القيمة فيجعل فى ضحضاح من النار يبلغ كعبيه يغلى منه دماغه۔

यानी हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के सामने अबू तालिब का ज़िक्र आया, फ़रमाया, मैं उम्मीद करता हूँ कि रोज़ क़यामत मेरी शफ़ाअत उसे यह नफ़्अ देगी कि जहन्नम में पांव तक की आग में कर दिया जाएगा जो उसके टख़नों तक होगी जिससे उसका दिमाग़ जोश मारेगा। यूनुस बक्र ए बुकैर ने हदीस मुहम्मद इब्न ए इसहाक़ से यूँ रिवायत किया,

يغلى منه دماغه حتى يسيل على قدميه۔

उसका भेजा उबलकर पांव पर गिरेगा। उमदतुल क़ारी व इरशादुस सारी शुरूह ए सहीह बुख़ारी व मुवाहिब ए लदुन्नियाह वग़ैरह में इमाम सुहेली से मनक़ूल,

الحکمۃ فیہ ان ابا طالب کان تابعا لرسول للہ صلی للہ تعالیٰ علیہ وسلم لجملتہ الا انہ استمر ثابت القدم علی دین قومہ فسلط العذاب علی قدمیہ خاصۃ لتثبیتہ ایاھما علی دین قومہ۔

यानी अबू तालिब के पांव तक आग रहने में हिकमत यह है कि अल्लाह तआला जज़ा हमशक्ल ए अमल देता है, अबू तालिब का सारा बदन हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की हिमायत में सर्फ़ रहा, मिल्लत ए कुफ्र पर साबित क़दमी ने पांव पर अज़ाब मुसल्लत किया। इसी तरह तैसीर शरह ए जामे सग़ीर वग़ैरह में है।

हदीस - 6 : बज़्ज़ार व अबू याला व इब्न ए अदी व तमाम हज़रत जाबिर इब्न ए अब्दुल्लाह अंसारी रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा से रावी,

قیل للنبی صلی للہ تعالیٰ علیہ وسلم ھل نفعت ابا طالب قال اخرجتہ من غمرۃ جھنم الی ضحضاح منھا۔

यानी हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से अर्ज़ की गई, हुज़ूर ने अबू तालिब को कुछ नफ़्अ दिया। फ़रमाया, मैंने उसे दोज़ख़ के ग़र्क़ से पांव की आग में खींच लिया।

इमाम ऐनी उम्दाह में फ़रमाते हैं,

فان قلت اعمال الكفرة هباء منثورا لافائدة فيها قلت هذا النفع من بركة رسول الله صلى الله تعالىٰ عليه وسلم و خصائصه ۔

इसका भी वही मतलब है कि अबू तालिब को यह नफ़्अ मिलना सिर्फ़ हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की बरकत से है वरना काफ़िरों के आमाल तो ग़ुबार हैं हवा पर उड़ाए हुए।

हदीस - 7 : तबरानी हज़रत उम्मुल मोमिनीन उम्मे सलमा रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा से रावी,

ان الحارث بن ہشام اتی النبی صلی الله تعالىٰ عليه وسلم يوم حجة الوداع فقال يا رسول الله انی كنت علی صلة الرحم و الاحسان الی الجار و ايواء اليتيم و اطعام الضيف و اطعام المسكين و كل هذا قد كان يفعله هشام بن المغيرة فما ظنك به يا رسول الله فقال رسول الله صلی الله تعالىٰ عليه وسلم كل قبر ای لا يشهد صاحبه ان لا اله الا الله فهو جذوة من النار و قد وجدت عمی ابا طالب فی طمطام من النار فاخرجه الله لمكانه منی و احسانه الی فجعله فی ضحضاح من النار ۔

यानी हारिस इब्न ए हिशाम रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने रोज़ ए हज्जतुल विदा हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से अर्ज़ की, या रसूल अल्लाह! मैं इन बातों पर अमल करता हूँ, रिश्तादारों से नेक सुलूक, हमसाया से अच्छा बर्ताव, यतीम को जगह

देना, मेहमान को मेहमानी देना, मोहताज को खाना खिलाना। और मेरा बाप हिशाम यह सब काम करता था तो हुज़ूर को उसकी निस्बत क्या गुमान है। फ़रमाया, जो क़ब्र बने जिसका मुर्दा ला इलाहा इल्ललाह न मानता हो वह दोज़ख़ का अंगारा है, मैंने अपने चचा अबू तालिब को सर से ऊँची आग में पाया, मेरी क़राबत व ख़िदमत के बाइस अल्लाह तआला ने उसे वहाँ से निकालकर पांव तक आग में कर दिया। मजमअ ए बिहारुल अनवार में ब अलामत ए काफ़ इमाम किरमानी शारह ए बुख़ारी से मनक़ूल,

نفع ابا طالب اعماله ببرکته صلی اللہ تعالیٰ علیه وسلم و ان کان اعمال الکفرۃ هباء منثورا۔

यानी नबी ए करीम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की बरकत से अबू तालिब के आमाल नफ़्अ दिए गए वरना काफ़िरों के काम तो निरे बर्बाद होते हैं।

हदीस - 8 : इमाम अहमद मुसनद और इमाम बुख़ारी व मुस्लिम अपनी सहाह में हज़रत अब्दुल्लाह इब्न ए अब्बास रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा से रावी रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं,

اهون اهل النار عذابا ابو طالب و هو منتعل بنعلین من نار یغلی منهما دماغه۔

बेशक दोज़ख़ियों में सबसे कम अज़ाब अबू तालिब पर है, वह आग के दो जूते पहने हुए है जिससे उसका दिमाग़ खौलता है।

नीज़ सहीहैन में नौमान इब्न ए बशीर रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा की रिवायत से है रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया,

ان اهون اهل النار عذابا من له نعلان و شراكان من نار يغلى منهما دماغه كما يغلى المرجل ما يرٰى ان احدا اشد منه عذابا و انه لاهونهم عذابا۔

दोज़ख़ में सबसे हल्के अज़ाब वाला वह है जिसे आग के दो जूते और दो तस्मे पहनाए जाएंगे जिनसे उसका दिमाग़ देग की तरह जोश मारेगा वह यह समझेगा कि सबसे ज़्यादा सख़्त अज़ाब उसी पर है हालांकि उस पर सबसे हल्का अज़ाब होगा। इस हदीस में इमाम अहमद की रिवायत यूँ है,

يوضع فى اخمص قدميه جمرتان يغلى منهما دماغه۔

उसके तलवों में अंगारे रखे जाएंगे जिससे भेजा उबलेगा।

और सहीहैन में अनस रदि अल्लाहु तआला अन्हु की रिवायत से है, रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं,

يقول الله لاهون اهل النار عذابا يوم القيمة لو ان لك ما فى الارض من شيئ اكنت تفتدى به فيقول نعم فيقول اردت منك اهون من هذا و انت فى صلب ادم ان لا تشرك لى شيئا فابيته ان لا تشرك بى۔

दोज़ख़ियों में सबसे ज़्यादा हल्के अज़ाब वाले से अल्लाह तआला फ़रमाएगा तमाम ज़मीन में जो कुछ है अगर तेरी मिल्क होता

तो क्या उसे अपने फ़िदया में देकर अज़ाब से नजात मांगने पर राज़ी होगा। वह अर्ज़ करेगा, हाँ। फ़रमाएगा, मैंने तुझसे रोज़ ए मिसाक़ जबकि तू पुश्त ए आदम में था इससे भी हल्की और आसान बात चाही थी कि किसी को मेरा शरीक न करना मगर तूने न माना बग़ैर मेरा शरीक ठहराए हुए।

इस हदीस से भी अबू तालिब का शिर्क पर मरना साबित है। किताबुल ख़मीस फ़ी अहवाल ए अनफ़स ए नफ़ीस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम में है,

قیل ان النبی صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم مسح ابا طالب بعد موتہ و انسی تحت قدمیہ و لذا ینتعل بنعلین من النار۔

यानी कहा गया कि नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने बाद ए मर्ग अबू तालिब के बदन पर दस्त ए अक़दस फेर दिया था मगर तलवों पर हाथ फेरना याद न रहा इसलिए अबू तालिब को रोज़ ए क़यामत आग के दो जूते पहनाए जाएंगे। बाक़ी जिस्म ब बरकत ए दस्त ए अक़दस महफ़ूज़ रहेगा।

हदीस - 9 : इमाम शाफ़ई व इमाम अहमद व इसहाक़ इब्न राहविया व अबू दाऊद तयालसी अपनी मसानीद और इब्न ए साद तबक़ात और अबू बक्र इब्न ए अबी शैबा मुसन्निफ़ और अबू दाऊद व नसाई सुनन और इब्न ए ख़ुज़ैमा अपनी सहीह और इब्नुल जारूद मुन्तक़ा और मरूज़ी किताबुल जनाइज़ और बज़्ज़ार व अबू याला मसानीद और बैहक़ी सुनन में ब तरीक़ ए अदीदा हज़रत सय्यिदुना अमीरुल मोमिनीन मौला अली कर्रमाल्लाहु तआला वजहहुल करीम से रावी,

قال قلت للنبی صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم ان عمك الشیخ الضال قد مات قال اذھب فوار اباك۔

यानी मैंने हुज़ूर ए अक़दस सय्यिद ए आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से अर्ज़ की, या रसूल अल्लाह! हुज़ूर का चचा वह बुड्ढा गुमराह मर गया। फ़रमाया, जा उसे दबा आ। इब्न ए अबी शैबा की रिवायत में है, मौला अली ने अर्ज़ की,

ان عمك الشیخ الکافر قد مات فما تری فیہ۔ قال رسول اللہ صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم اری ان تغسلہ و امرہ بالغسل۔

हुज़ूर का चचा वह बुड्ढा काफ़िर मर गया, उसके बारे में हुज़ूर की क्या राय है यानी ग़ुस्ल वग़ैरह दिया जाए या नहीं। सय्यिद ए आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, नहलाकर दबा दो। इमाम शाफ़ई की रिवायत में है,

فقلت یا رسول اللہ انہ مات مشرکا قال اذھب فوارہ۔

मैंने अर्ज़ की, या रसूल अल्लाह! वह तो मुशरिक मरा। फ़रमाया, जाओ दबा आओ।

इमामुल अईम्मा इब्न ए ख़ुज़ैमा ने फ़रमाया, हदीस सहीह है। इमाम हाफ़िज़ुश शान इसाबा फ़ी तमीज़ीस सहाबा में फ़रमाते हैं,

صححہ ابن خزیمہ۔

इस हदीस ए जलील को देखिए, अबू तालिब के मरने पर ख़ुद अमीरुल मोमिनीन अली कर्रमाल्लाहु वजह्हुल करीम हुज़ूर ए अक़दस

सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से अर्ज़ करते हैं कि हुज़ूर का वह गुमराह काफ़िर चचा मर गया। हुज़ूर इस पर इंकार नहीं फ़रमाते न ख़ुद जनाज़े में तशरीफ़ ले जाते हैं।

अबू तालिब की बीबी अमीरुल मोमिनीन की वालिदा माजिदा हज़रत फ़ातिमा बिन्त ए असद रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा ने जब इंतिक़ाल किया है हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने अपनी चादर व क़मीस मुबारक में उन्हें कफ़न दिया, अपने दस्त ए मुबारक से लहद खोदी, अपने दस्त ए मुबारक से मिट्टी निकाली फिर उनके दफ़्न से पहले ख़ुद उनकी क़ब्र मुबारक में लेटे और दुआ की,

> الله الذی یحیی و یمیت و هو حی لا یموت اغفر لامی فاطمة بنت اسد و وسع علیها مدخلها بحق نبیك و الانبیاء الذین من قبل فانك ارحم الراحمین رواه الطبرانی فی الکبیر و الاوسط و ابن حبان و الحاکم و صححه و ابو نعیم فی الحلیة عن انس و نحوه ابن ابی شیبة عن جابر و الشیرازی فی الالقاب و ابن عبد البر و ابو نعیم فی المعرفة و الدیلمی بسند حسن عن ابن عباس و ابن عساکر عن علی رضی الله تعالیٰ عنهم اجمعین ۔

काश अबू तालिब मुसलमान होते तो क्या सय्यिद ए आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम उनके जनाज़ा में तशरीफ़ न ले जाते, सिर्फ़ इतने ही इरशाद पर क़नाअत फ़रमाते कि जाओ उसे दबा आओ। अमीरुल मोमिनीन कर्रमाल्लाहु तआला वजह्हुल करीम की

क़ुव्वत ए ईमान देखिए कि ख़ास अपने बाप ने इंतिक़ाल किया है और ख़ुद हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ग़ुस्ल का फ़तवा दे रहे हैं और यह अर्ज़ करते हैं कि या रसूल अल्लाह! वह तो मुशरिक मरा। ईमान इन बंदगान ए ख़ुदा के थे कि अल्लाह व रसूल के मुक़ाबला में बाप बेटे किसी से कुछ अलाक़ा न था, अल्लाह व रसूल के मुख़ालिफ़ों के दुश्मन थे अगरचे वह अपना जिगर हो, दोस्तान ए ख़ुदा व रसूल के दोस्त थे अगरचे उनसे दुन्यावी ज़रर हो।

أُولٰئِكَ كَتَبَ فِيْ قُلُوْبِهِمُ الْاِيْمَانَ وَاَيَّدَهُم بِرُوْحٍ مِنْهُ وَيُدخِلُهُمْ جَنّٰتٍ تَجرِيْ مِنْ تَحتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا رَضِيَ اللهُ عَنْهُمْ وَرَضُوْا عَنْهُ اُوْلٰئِكَ حِزْبُ اللهِ اَلَا اِنَّ حِزْبَ اللهِ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ۔ جعلنا الله منهم بهم ولهم بفضل رحمة بهم انه هو الغفور الرحيم والحمد لله رب العٰلمين وصلى الله تعالىٰ عليه سيدنا ومولٰينا محمد واله واصحابه اجمعين اٰمين۔

हदीस - 10 : बुख़ारी व मुस्लिम अपनी सहाह और इब्न ए माजा अपनी सुनन और तहावी शरह ए मआनीयिल आसार और इस्माईली मुस्तख़रज अला सहीहिल बुख़ारी में बतरीक़ ए इमाम अली इब्न ए हुसैन ज़ैनुल आबिदीन अन अम्र इब्न ए उस्मानिल ग़नी रदि अल्लाहु तआला अन्हुम सय्यिदुना उसामा इब्न ए ज़ैद रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा से रावी,

انه قال یا رسول الله این تنزل فی دارك بمكة فقال و هل ترك عقیل من رباع او دور و كان عقیل ورث ابا طالب هو و طالب و لم یرثه جعفر

و لا علی رضی للہ تعالیٰ عنهما شیئا لانهما کان مسلمین و کان عقیل و
طالب کافرین فکان عمر بن الخطاب رضی للہ تعالیٰ عنه یقول لا یرث
المؤمن الکافر ۔ و لفظ ابن ماجة و الطحاوی فکان عمر من اجل ذلك
یقول الخ و لفظ الاسماعیلی فمن اجل ذلك کان عمر یقول ۔

यानी उन्होंने ख़िदमत ए हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम में अर्ज़ की या रसूल अल्लाह! हुज़ूर कल मक्का मुअज़्ज़मा में अपने मुहल्ले के कौन से मकान में नुज़ूल ए इजलाल फ़रमाएंगें। फ़रमाया, क्या हमारे लिए अक़ील ने कोई महल्ला या मकान छोड़ दिया है। इमाम ज़ैनुल आबिदीन ने फ़रमाया, हुआ यह था कि अबू तालिब का तर्का अक़ील और तालिब ने पाया और जाफ़र व अली रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा को कुछ न मिला। यह दोनों हज़रात वक़्त ए मौत ए अबी तालिब मुसलमान थे और तालिब काफ़िर था और अक़ील रदि अल्लाहु तआला अन्हु भी उस वक़्त तक ईमान न लाए थे। इसी बिना पर अमीरुल मोमिनीन उमर फ़ारूक़ ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु फ़रमाया करते कि काफ़िर का तर्का मुसलमान को नही पहुंचता।

تنبیه : لا شك ان قوله و کان عقیل ورث ابا طالب مدرج فی الحدیث و
لم یبین قائله فی الکتب الذی ذکرنا و اخترت انا انه الامام زین
العابدین رضی للہ تعالیٰ عنه و قال الامام العینی فی العمدة قوله و کان
عقیل ادراج من بعض الرواة و لعله من اسامة کذا قال الکرمانی اھ و
الصواب ما ذکرته و قد کتبت علی هامش العمدة ما نصه ۔ اقول : بل

هو من علی بن حسین بن علی رضی للہ تعالیٰ عنهم بیّنه مالك فی مؤطاه فانه اسند اولا عن ابن شهاب بالسند المذکور فی الکتاب اعنی صحیح البخاری ان رسول للہ صلی للہ تعالیٰ علیه وسلم قال لا یرث المسلم الکافر اه ثم قال مالك عن ابن شهاب عن علی بن حسین بن علی بن ابی طالب انه اخبره انما ورث ابا طالب عقیل و طالب و لم یرثه علی قال علی فلذلك ترکنا نصیبنا من الشعب اه و هکذا رواه محمد فی مؤطاه عن مالك مفرقا مصرحا فقد بین و احسن احسن الله الیه و الینا به امین۔

हदीस - 11 : उमर इब्न ए शब्बा किताब ए मक्का में और अबू याला व अबू बशर और समविया अपने फ़वाइद और हाकिम मुस्तदरक में बतरीक़ मुहम्मद इब्न ए सलमा इब्न ए हिशाम इब्न ए हस्सान अन मुहम्मद इब्न ए सीरीन क़िस्सा ए इस्लाम ए अबी क़हाफ़ा वालिद ए अमीरुल मोमिनीन सिद्दीक़ ए अकबर रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा में अनस इब्न ए मालिक रदि अल्लाहु तआला अन्हु से रावी।

قال فلما مد یده یبایعه بکی ابو بکر فقال النبی صلی للہ تعالیٰ علیه وسلم ما یبکیك قال لان تکون ید عمك مکان یده و یسلم و یقر للہ عینك احب الی من ان یکون۔

यानी जब हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने अपना दस्त ए अनवर अबू क़हाफ़ा से बैअत ए इस्लाम

लेने के लिए बढ़ाया, सिद्दीक़ ए अकबर रदि अल्लाहु तआला अन्हु रोए, हुज़ूर पुरनूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, क्यों रोते हो। अर्ज़ की, इनके हाथ की जगह आज हुज़ूर के चचा का हाथ होता और उनके इस्लाम लाने से अल्लाह तआला हुज़ूर (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) की आँख ठंडी करता तो मुझे अपने बाप के मुसलमान होने से ज़्यादा यह बात अज़ीज़ थी।

हाकिम ने कहा, यह हदीस बशर्ते शेख़ैन सहीह है। हाफ़िज़ुश शान ने इसाबा मे इसे मुसल्लम रखा और फ़रमाया, सनदुहु सहीह।

हदीस - 12 : अबू क़ुर्रा मूसा इब्न ए तारिक़ वह मूसा इब्न ए उबैदा वह अब्दुल्लाह इब्न ए दीनार वह अब्दुल्लाह इब्न ए उमर रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा से रावी,

قال جاء ابو بکر بابی قحافة یقوده یوم فتح مکة فقال رسول للہ صلی للہ تعالیٰ علیه وسلم الا ترکت الشیخ حتی نأتیه قال ابو بکر اردت ان یأجره للہ و الذی بعثك بالحق لانا کنت اشد فرحا باسلام ابی طالب لو کان اسلم منی بابی۔

अल्लाह अल्लाह यह महबूब में फ़ना ए मुतलक़ का मर्तबा है,

صدق للہ وَ الَّذِیْنَ اٰمَنُوْا اَشَدُّ حُبًّا لِّلّٰهِ۔

इसी तरह अमीरुल मोमिनीन फ़ारूक़ ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने हज़रत अब्बास रदि अल्लाहु तआला अन्हु अम्मे रसूल सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से कहा,

انا باسلامك اذا اسلمت افرح منی باسلام الخطاب ذکر ابن اسحق فی سیرته۔

हदीस - 13 :

یونس بن بکیر فی زیادات مغازی ابن اسحق عن یونس بن عمرو عن ابی السفر قال بعث ابو طالب الی النبی صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم فقال اطعمنی من عنب جنتك فقال ابو بکر ان اللہ حرمها علی الکافرین۔

यानी अबू तालिब ने हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से अर्ज़ कर भेजी कि मुझे अपनी जन्नत के अंगूर खिलाइए। इस पर सिद्दीक़ ए अकबर रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने फ़रमाया, बेशक अल्लाह ने उन्हें काफ़िरों पर हराम किया है।

हदीस - 14 :

الواحدی من حدیث موسی بن عبیدۃ قال اخبرنا محمد بن کعب القرظی قال بلغنی انه لما اشتکی ابو طالب شکواہ التی قبض فیها قالت له قریش ارسل الی ابن اخیك یرسل الیك من هذہ الجنة التی ذکرها یکون لك شفاء فارسل الیه فقال رسول اللہ صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم ان اللہ حرمها علی الکافرین طعامها و شرابها ثم اتاہ فعرض علیه الاسلام۔ فقال لو لا ان تعیر بها فیقال جزع عمك من الموت لاقررت بها عینك و استغفر له بعد ما مات فقال المسلمون ما یمنعنا ان نستغفر لآبائنا و لذوی قرابتنا قد استغفر ابراہیم علیه السلام

لابیه و محمد صلی للہ تعالیٰ علیه وسلم لعمه فاستغفروا للمشرکین
حتی نزلت مَاکَانَ لِلنَّبِیِ وَالَّذِیۡنَ آمَنُوۡا الاٰیة ۔

यानी अबू तालिब के मर्जुल मौत में काफ़िरान ए क़ुरैश ने सलाह दी कि अपने भतीजे (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) से अर्ज़ करो कि यह जन्नत जो बयान करते हैं उसमें से तुम्हारे लिए कुछ भेज दें कि तुम शिफ़ा पाओ। अबू तालिब ने अर्ज़ कर भेजी। हुज़ूर ए अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने जवाब दिया कि अल्लाह तआला ने जन्नत का खाना पानी काफ़िरों पर हराम किया है। फिर तशरीफ़ लाकर अबू तालिब पर इस्लाम पेश किया। अबू तालिब ने कहा, लोग हुज़ूर पर तान करेंगे कि हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का चचा मौत से घबरा गया, इसका ख़्याल न होता तो मैं हुज़ूर की ख़ुशी कर देता। जब वह मर गए हुज़ूर ए अक़्दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने उनके लिए दुआ ए मग़फ़िरत की। मुसलमानों ने कहा, हमें अपने वालिदों क़रीबों से दुआ ए मग़फ़िरत से कौन मानेअ है। इब्राहीम अलैहिस सलात वस्सलाम ने अपने बाप के लिए इस्तग़फ़ार की, मुहम्मद सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम अपने चचा के लिए इस्तग़फ़ार कर रहे हैं, यह समझकर मुसलमानों ने अपने अक़ारिब मुशरिकीन के वास्ते दुआ ए मग़फ़िरत की। अल्लाह अज़्ज़ा व जल्ल ने आयत उतारी कि मुशरिकों के लिए यह दुआ न नबी को रवा न मुसलमान को जबकि रौशन हो लिया कि वह जहन्नमी हैं।

वलइआज़ु बिल्लाहि तआला।

हदीस - 15 : अबू नईम हिलया में अमीरुल मोमिनीन मौला अली कर्रमाल्लाहु तआला वजह्हुल करीम से रावी, रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया,

كانت مشية لله عز و جل فى اسلام عى العباس و مشيتى فى اسلام عى ابى طالب فغلبت مشية لله مشيتى۔

अल्लाह तआला ने मेरे चचा अब्बास का मुसलमान होना चाहा और मेरी ख़्वाहिश यह थी कि मेरा चचा अबू तालिब मुसलमान हो, अल्लाह तआला का इरादा मेरी ख़्वाहिश पर ग़ालिब आया कि अबू तालिब काफ़िर रहा और अब्बास रदि अल्लाहु तआला अन्हु मुशर्रफ़ ब इस्लाम हुए।

فالله الحجة البالغة۔

फ़सल ए सुवम (3)

54 अक़वाल अइम्मा ए किराम व उलमा ए आलाम ऊपर गुज़रे और बाद ए कलाम ए ख़ुदा व रसूल जल्ला जलालुहु व सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम क्या हालत ए मुंतज़िरा बाक़ी है, ख़ातिमा का हाल ख़ुदा व रसूल से ज़्यादा कौन जाने अज़्ज़ा मजदुहु व सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम मगर तकसीर ए फ़वाइद व तस्कीन ए ज़ाइद के लिए बाज़ और भी कि सर ए दस्त पेश ए नज़र हैं इज़ाफ़ा किजिए कि ज़ियादत ए ख़ैर ज़ियादत ए ख़ैर है। व बिल्लाहित तौफ़ीक़।

इमामुल अइम्मा, मालिकुल अज़िमा, काशिफ़ुल ग़ुम्मा, सिराजुल अइम्मा, सय्यिदुना इमाम ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु फ़िक़्ह ए अकबर में फ़रमाते हैं,

ابو طالب عمه صلی للہ تعالیٰ علیه وسلم مات کافرا۔

नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के चचा अबू तालिब की मौत कुफ्र पर हुई। वलइआज़ु बिल्लाह।

इमाम बुरहानुददीन अली इब्न ए अबी बक्र फ़रग़ानी हिदाया में फ़रमाते हैं,

اذا مات الکافر و له ولی مسلم فانه یغسله و یکفنه و یدفنه بذلك امر علی رضی للہ تعالیٰ عنه فی حق ابیه ابی طالب لکن یغسل غسل الثوب النجس و یلف فی خرقة و یحفر حفیرة من غیر مراعاة سنة التکفین و اللحد و لا یوضع فیه بل یلقی۔امام ابو البرکات عبد اللہ نسفی کافی شرح وافی میں فرماتے ہیں، مات کافر یغسله ولیه المسلم و یکفنه و یدفنه و الاصل فیه انه لما مات ابو طالب اتی علی رضی للہ تعالیٰ عنه رسول للہ صلی للہ تعالیٰ علیه وسلم و قال ان عمك الشیخ الضال قد مات فقال اغسله و اکفنه و ادفنه و لا تحدث حدثا حتی تلقانی ای لا تصل علیه۔

अल्लामा इब्राहीम हल्बी ग़ुनिया शरह मुनिया में फ़रमाते हैं,

مات للمسلم قريب كافر ليس له ولى من الكفار يغسله غسل الثوب النجس و يلفه فى خرقة و يحفر له حفرة و يلقيه فيها من غير مراعاة السنة فى ذلك لما روى ان ابا طالب لما هلك جاء على فقال يا رسول الله ان عمك الضال قد مات الخ۔

अल्लामा इब्राहीम तराबुलुसी बुरहान शरह मुवाहिबुर रहमान फिर अल्लामा सय्यिद अहमद तहतावी हाशिया मिराक़ीइल फ़लाह में ज़ेर ए क़ौल नूरुल ईज़ाह,

ان كان للكافر قريب مسلم غسله۔

फ़रमाते हैं,

الاصل فيه ما رواه ابو داؤد وغيره عن على رضى الله تعالىٰ عنه قال لما مات ابو طالب الحديث۔

अल्लामा ज़ैन इब्न ए नुजैम मिस्री बैहरुर राइक़ में फ़रमाते हैं,

يغسل ولى مسلم الكافر و يكفنه و يدفنه بذلك امر على رضى الله تعالىٰ عنه ان يفعل بابيه حين مات۔

इन सब इबारात का हासिल यह है कि मुसलमान अपने क़राबत दार काफ़िर मुर्दा को नहला सकता है कि मौला अली कर्रम अल्लाहु तआला वजहहु ने अपने बाप अबू तालिब को नबी करीम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की इजाज़त से नहलाया।

फ़तहुल क़दीर व किफ़ाया व निहाया वग़ैरह तमाम शुरुह ए हिदाया में इस मज़मून को मक़बूल व मुक़र्रर रखा। कुतुब ए फ़िक़्ह में इसकी इबारत ब कसरत मिलेंगी सबकी नक़्ल से अतालत की हाजत नहीं। वाज़ेह हुआ कि सब उलमा ए किराम अबू तालिब को काफ़िर जानते हैं यूँ ही इमाम दाऊद ने अपनी सुनन में,

باب الرجل يموت له قرابة مشرك۔

वज़अ फ़रमाया यानी "बाब उस शख़्स का जिसका कोई क़राबत दार मुशरिक मरे" और इमाम नसाई ने,

باب مواراة المشرك۔

यानी "दफ़्न ए मुशरिक का बाब" और दोनों ने इसमें यही हदीस ए अबू तालिब ज़िक्र की। इन्हीं नसाई के इसी मुजतबा में एक बाब,

النهى عن الاستغفار للمشركين۔

है उसमें हदीस ए दुवम रिवायत की, इब्न ए माजा ने सुनन में बाब ए मिरास,

اهل الاسلام من اهل الشرك۔

लिखा यानी मुशरिक का तरका मुस्लिम को मिलेगा या नहीं उसमें हदीस ए दुवम वारिद की। इमाम अजल्ल साहिबुल मज़हब सय्यिदुना इमाम मालिक मुअत्ता शरीफ में बाब التوارث بين اهل الملل मुनअक़िद फ़रमाया यानी मुख़्तलिफ़ दीन वालों में एक को दूसरे का तरका मिलने का हुक्म और उसमें हदीसें मुस्लिम व काफ़िर के अदम ए तवारुस की रिवायत फ़रमाईं जिनमें यह हदीस ए इमाम ज़ैनुल

आबिदीन दर बारा ए तरका ए अबू तालिब मज़कूर हदीस ए दहुम भी इरशाद की यूँ ही इमाम मुहररिरुल मज़हब सय्यिदुना इमाम मुहम्मद ने मुअत्ता शरीफ़ में बाब

لا یرث المسلم الکافر۔

मुनअक़िद फ़रमाकर हदीस ए मज़कूर ईराद की। इमाम अजल्ल मुहम्मद इब्न ए इस्माइल बुख़ारी ने जामेअ सहीह किताबुल जनाइज़ में एक बाब वज़अ फ़रमाया,

باب اذا قال المشرك عند الموت لا اله الا اللّٰه۔

यानी बाब इसके बयान का कि मुशरिक मरते वक़्त ला इलाहा इल्लल्लाह कहे तो क्या हुक्म है और उसमें हदीस ए दुवम रिवायत फ़रमाइ, उसी की किताबुल अदब में लिखा,

باب کنیۃ المشرك۔

उसमें हदीस ए चहारुम रिवायत की और हदीस ए मज़कूर,

سمعت النبی صلی اللّٰہ تعالیٰ علیه وسلم یقول و ھو علی المنبر ان بنی ھاشم بن المغیرۃ استاذنونی ان ینکحوا ابنتھم علی بن ابی طالب۔

ज़िक्र की। इमाम क़सतलानी ने ततबीक़ ए हदीस व तरजिमा में लिखा,

فذکر اباطالب المشرك بکنیة۔

नबी ए करीम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने अबू तालिब मुशरिक को कुन्नियत से याद फ़रमाया। फिर लिखा,

قد جوزوا ذکر الکافر بکنیته اذا کان لا یعرف الا بھا کما فی ابی طالب او کان علی سبیل التالف رجاء اسلامھم او تحصیل منفعة منھم لا علی سبیل التکریم فانا مامورون بالاغلاظ علیھم۔

उलमा ने काफ़िर को कुन्नियत से ज़िक्र करना नाजाइज़ रखा जबकि वह और नाम से न पहचाना जाए जैसे अबू तालिब या ब उम्मीद ए इस्लाम तालीफ़ मक़सूद या काम निकालना हो मगर बतौर ए तकरीम जाइज़ नहीं कि हमें उन पर सख़्ती करने का हुक्म है।

उमदतुल क़ारी में है,

قال ابن بطال فیه جواز تکنیة المشرك۔

इमाम इब्न ए बत्ताल ने फ़रमाया, इस हदीस से मुशरिक को ब लफ़्ज ए कुन्नियत याद करने का जवाज़ मालूम हुआ। उसी में है,

فیه دلالة ان للہ تعالیٰ قد یعطی الکافر عوضا من اعماله التی مثلھا یکون قربة لاھل الایمان باللہ تعالیٰ لانه صلی اللہ تعالیٰ علیه وسلم اخبر ان عمه نفعته تربیته ایاہ و حیاطته له التخفیف الخ۔

इस हदीस से यह भी मालूम हुआ कि अल्लाह अज़्ज़ा व जल्ल काफ़िर को भी उसके आमाल का कुछ एवज़ देता है जो अहले ईमान करें तो क़ुर्बे इलाही पाएं। देखों नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने ख़बर दी कि हुज़ूर के चचा को हुज़ूर की ख़िदमत व हिमायत ने तख़्फ़ीफ़ ए अज़ाब का फ़ायदा दिया। इमाम आरिफ़

बिल्लाह सय्यिदी अली मुत्तक़ी मक्की क़ुद्दसा सिर्रुहूल मलकी ने अपनी कुतब ए जलीला मनहजुल उम्माल व कंज़ुल उम्माल व मुंतख़ब कंज़ुल उम्माल में एक बाब मुन्अक़िद फ़रमाया,

الباب السادس فی اشخاص لیسوا من الصحابة۔

उन शख़्सों के बारे में जो सहाबी नहीं। और इस बाब में अबू तालिब व अबू जहल वग़ैरहुमा ज़िक्र किया। इसी तरह अल्लामा अब्दुर रहमान इब्न ए शैबा ने तैसीरुल वुसूल इला जामिइल उसूल में अहादीस ए ज़िक्र ए अबी तालिब को फ़सल ए ग़ैर सहाबा में वारिद किया और उसमें सिर्फ़ हदीस दुवम व चहारुम व पंजुम को जलवा दिया। अगर अबू तालिब को इस्लाम नसीब होता तो क्या वह शख़्स सहाबा से ख़ारिज हो सकता जिसने बचपन से हुज़ूर पुरनूर सय्यिद ए आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को गोद में पाला और मरते दम तक हज़र व सफ़र की हमरकाबी से बहरायाबी का ग़ुलग़ुला डाला।

यूँ ही इमाम हाफ़िज़ुल हदीस अबुल फ़ज़्ल शहाबुद्दीन इब्न ए हजर असक़लानी ने किताब इसाबा फ़ी तमीज़िस सहाबा में अबू तालिब को बाब

الکنی حرف الطاء المهمله۔

की क़िस्म ए राबे में ज़िक्र किया यानी वह लोग जिन्हें सहाबी कहना मरदूद व ग़लत व बातिल है। उसी में फ़रमाते हैं,

ورد من عدة طرق فی حق من مات فی الفترة و من ولد مجنونا و نحو
ذلك ان كلا منهم يدلی بحجة و يقول لو عقلت او ذكرت لآمنت فترفع

لھم نار و یقال لھم ادخلوھا فمن دخلھا کانت علیھم بردا و سلاما و من امتنع ادخلھا کرھا و نحن نرجو ان یدخل عبد المطلب و ال بیتہ فی جملۃ من یدخلھا طائعا فی نجو لکن ورد فی ابی طالب ما یدفع ذلك و ھو ما تقدم من ایۃ براءۃ و ما فی الصحیح انہ فی ضحضاح من النار، فھٰذا شان من مات علی الکفر فلو کان مات علی التوحید لنجا من النار اصلا و الاحادیث الصحیحۃ و الاخبار المتکاثرۃ طافحۃ بذلك اھ مختصراً۔

यानी बहुत असानीद से हदीस आई कि जो ज़माना ए फ़ितरत में इस्लाम लाने से पहले मर गया या मजनून पैदा हुआ और जुनून ही में गुज़र गया और इसी क़िस्म के लोग जिन्हें दावत ए अम्बिया अलैहिमुस सलातो वस्सना न पहुंची उनमें हर एक रोज़ ए क़यामत एक उज़्र पेश करेगा कि इलाही मैं अक़्ल रखता या मुझे दावत पहुंचती तो मैं ईमान लाता, उनके इम्तिहान को एक आग बलंद की जाएगी और इरशाद होगा इसमें जाओ, जो हुक्म मानेगा और उसमें दाख़िल होगा वह उस पर ठंडी और सलामती हो जाएगी और जो न मानेगा वह जबरन आग में डाला जाएगा और हमें उम्मीद है कि अब्दुल मुत्तलिब और उनके घरवाले कि क़ब्ल ज़ुहूर ए नूर ए इस्लाम इंतिक़ाल कर गए वह सब उन्हीं लोगों में होंगे जो अपनी ख़ुशी से उस इम्तिहानी आग में जाकर नाजी हो जाएंगे मगर अबू तालिब के हक़ में वह वारिद हुआ है जो इसे दफ़्अ करता है, सूरह ए तौबा की आयत और हदीस ए सहीह का इरशाद कि वह पाँव तक की आग में है, यह हाल उसका है जो

काफ़िर मरे, अगर अख़ीर वक़्त इस्लाम लाकर मरना होता तो दोज़ख़ से नजात ए कुल्ली चाहिए थी सहीह व कसीर हदीसें कुफ्र ए अबी तालिब साबित कर रही हैं।

फिर फ़रमाया,

و قد فخر المنصور علی محمد بن عبد للہ بن الحسن لما خرج بالمدینۃ و کاتبہ المکاتبات المشھورۃ و منھا فی کتاب المنصور و قد بعث النبی صلی للہ تعالیٰ علیہ وسلم و لہ اربعۃ اعمام فامن بہ اثنان احدھما ابی و کفر بہ اثنان احدھما ابوك۔

